**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 26.03.2026 समय : 1905

**<><><><><><><>**

1. अंडमान निकोबार द्वीप समूह में सड़क परियोजनाओं के लिए केन्द्रीय सड़क और अवसंरचना कोष से वित्तीय सहायता के लिए आश्वासन मिला।

2. हर्मिंदर बे में समुदाय आधारित स्वास्थ्य पहलों को मजबूत बनाने के लिए स्वास्थ्य, स्वचछता और पोषण सुधार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

3. राजधानी श्री विजयपुरम में एम एस एम ई मंत्रालय के अंतर्गत भातूबस्ती में महिलाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया गया।

4. स्वामी विवेकानंद अंडर–20 राष्ट्रीय पुरूष चैंपियनशिप के लिए फुटबॉल संघ चयन परीक्षा का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस अवसर पर अंडमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता टी.के. प्रिजित रेख और अधिशासी अभियंता बिज्जू वर्गीज भी उपस्थित थे। सांसद ने मध्योत्तर अंडमान में सड़क के उन्नयन, मरम्मत और नवीनीकरण के लिए केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना कोष से तत्काल निधि जारी करने की आवश्यकता पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने द्वीपों की स्थिति और विकासात्मक आवश्यकताओं को देखते हुए 60 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने का आश्वासन दिया। सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीप समूह की सड़क अवसंरचना मजबूत करने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता के लिए केन्द्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कल हर्मिंदर बे में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य और पोषण सुधार पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर जनजातीय परिषद के प्रथम कप्तान, एंड्रयू मोसेस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने समुदाय–आधारित स्वास्थ्य पहलों के महत्व पर प्रकाश

डाला। स्वास्थ्य प्रशिक्षक सागरिका ने सर्वाइकल कैंसर, अनीमिया और गर्भवती महिलाओं को होने वाली चुनौतियों सहित स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी बेल्थेज़र ने भविष्य में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए क्षेत्र के लोगों को आश्वासन दिया। समुदाय के सदस्यों को उनके योगदान के लिए सम्मानित और पुरस्कृत भी किया गया।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय ने पंजीकृत ट्रैवल एजेंटों एवं टूर ऑपरेटरों से लिटिल अंडमान द्वीप के लिए आयोजित किए जा रहे परिचय यात्रा–फेम टूर में भाग लेने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह टूर लिटिल अंडमान को उभरते हुए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने तथा वहां के प्रमुख आकर्षणों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिभागियों को पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य आकर्षक टूर पैकेज विकसित करने और डिजिटल व ट्रैवल प्लेटफॉर्म पर गंतव्य की पहचान बढ़ाना है। यह तीन दिवसीय फेम टूर 29 से 31 मार्च तक आयोजित होगा। पहले चरण में अधिकतम 30 प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा। पर्यटन निदेशालय केवल आने–जाने के फेरी टिकट की व्यवस्था करेगा, जबकि आवास, भोजन एवं स्थानीय व्यवस्थाओं सहित अन्य सभी खर्च प्रतिभागियों को स्वयं वहन करने होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी कल तक अपने आवेदन पर्यटन निदेशालय के पास जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के एमएसएमई– विकास एवं सुविधा कार्यालय की ओर से कल औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, भातू बस्ती में ब्यूटीशियन विषय पर आयोजित उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 25 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को व्यावसायिक कौशल और उद्यमिता के अवसर प्रदान करना था।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय, की ओर से द्वीपों के स्थानीय युवाओं के लिए विभिन्न कौशल विकास ट्रेडों में तीन महीने का निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण 13 अप्रैल से 12 जुलाई तक विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित होगा। प्रशिक्षण के लिए दसवीं पास और वैध स्थानीय प्रमाणपत्र

धारक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उद्योग निदेशालय के प्रशिक्षण अनुभाग से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कल पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग शहीद द्वीप और विंबर्लीगंज में चूजों का वितरण किया गया। यह पहल ग्रामीण किसानों को स्वरोजगार, आय वृद्धि और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस कदम है। विभाग का उद्देश्य विभिन्न मुर्गी प्रजातियों के माध्यम से स्थायी और लाभकारी पशुपालन को बढ़ावा देना है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार फुटबॉल संघ की ओर से स्वामी विवेकानंद अंडर–20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2026 के लिए चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा 5 अप्रैल, सुबह 9 बजे से बर्डलाइन ग्राउंड में आयोजित होगा। चयन परीक्षा में शामिल खिलाड़ी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2026 में भी हिस्सा ले सकेंगे। अधिक जानकारी के लिए संजय मेशाक से फोन संख्या 94–34–281–791 से संपर्क किया जा सकता है। सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><>

अंडमान–निकोबार शतरंज महासंग्राम 2.0, प्रशासनिक कारणों से अब 11 और 12 अप्रैल को नेताजी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पहले यह कार्यक्रम 28 और 29 मार्च को आयोजित होने वाला था। इस टूर्नामेंट का आयोजन प्रशासन के शिक्षा विभाग और खेल एवं युवा मामलों के विभाग द्वारा अंडमान निकोबार शतरंज संघ के सहयोग से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सभी खिलाड़ियों के लिए खुला है और इसमें कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। हालांकि, सभी प्रतिभागियों के लिए वर्ष 2025–26 के लिए AICF पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक खिलाड़ी गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 मार्च है।

<><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय द्वारा स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, समग्र क्षेत्रीय केंद्र तथा बाल विकास परियोजना कार्यालय के सहयोग से दक्षिण अंडमान में दिव्यांगजनों के लिए विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र” योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों और

उनके परिजनों को यू डी आई डी कार्ड के महत्व, इसके लाभ तथा पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी। ये जागरूकता कार्यक्रम 2 अप्रैल से 20 मई तक विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित होंगे, जिनमें जी.बी. पंत अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाराचरमा, मंगलुटान, छोलदारी, टुशनाबाद, फरारगंज, बम्बूफ्लाट तथा आयुष अस्पताल, जंगलीघाट शामिल हैं। आम जनता, दिव्यांगजन एवं उनके अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर इन कार्यक्रमों में भाग लें और इस अवसर का लाभ उठाएँ।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह समन्वित विकास निगम लिमिटेड (ANIDCO) ने 31 मार्च को स्टॉक और परिसम्पत्तियों के वार्षिक सत्यापन के कारण अपनी सभी आई एम एफ एल तथा पी ओ एल इकाइयों को बंद रखने की घोषणा की है। अनिडको की ओर से जारी विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने संपत्ति कर, जल शुल्क, बाजार किराया आदि के बकाया का भुगतान 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से करने को कहा है। निर्धारित तिथि तक भुगतान न करने पर परिषद अंडमान निकोबार द्वीपसमूह (नगरपालिका) विनियम तथा संबंधित उप–नियमों के तहत कार्रवाई करेगी। बकाया राशि एवं चालू मासिक जल शुल्क का भुगतान न करने पर व्यावसायिक एवं घरेलू जल कनेक्शन बंद कर दी जाएंगी। नगरपालिका परिषद द्वारा पहली अप्रैल से डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के व्यावसायिक तथा घरेलू जल कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

<><><><><><><>